# न्यायालय, जिला दण्डाधिकारी, बेगूसराय।

## आदेश

जिले में पड़ रही अत्यधिक ठंड के कारण कम तापमान की स्थिति बनी हुई है, जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है।

अतः वर्तमान स्थिति में इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक–2973/विधि, दिनांक–20.12.2025 के क्रम में मैं **श्रीकांत शास्त्री, भा0प्र0से0, जिला दण्डाधिकारी, बेगूसराय** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 के तहत बेगूसराय जिला के सभी निजी/सरकारी विद्यालयों(प्री–स्कूल, ऑगनबाड़ी केन्द्रों सहित) में वर्ग–8 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर दिनांक–26.12.2025 तक प्रतिबंध लगाता हूँ। वर्ग–8 से ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियाँ पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 4:30 बजे के बीच संचालित की जा सकती है। विद्यालय प्रबंधन को एतद् द्वारा निदेश दिया जाता है कि उल्लिखित आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों को पुनर्निर्धारित करेगें। प्री–बोर्ड/बोर्ड की परीक्षा हेतु संचालित किये जाने वाले विशेष कक्षाओं/परीक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रहेगा। इसके अतिरिक्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन मध्याह्न 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे के बीच सिर्फ बच्चों को पके हुए भोजन उपलब्ध कराने हेतु खोला जा सकेगा।

उपर्युक्त आदेश बेगूसराय जिले में दिनांक–24.12.2025 से लागू होगा एवं दिनांक–26.12.2025 तक प्रभावी रहेगा।

यह आदेश दिनांक–24.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से निर्गत किया गया है।

जिला दण्डाधिकारी,
बेगूसराय।

ज्ञापांक–3016/विधि, दिनांक–24/12/2025/

प्रतिलिपिः– आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय/नगर आयुक्त, नगर निगम, बेगूसराय/उप विकास आयुक्त, बेगूसराय/अपर समाहर्त्ता, बेगूसराय/ प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन शाखा, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– अनुमंडल पदाधिकारी, सदर/तेघड़ा/बलिया/मंझौल/बखरी/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर–01/सदर–02/तेघड़ा/बलिया/मंझौल/बखरी/सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/सभी अंचल अधिकारी, बेगूसराय जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशन हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला शिक्षा पदाधिकारी, बेगूसराय/जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई0सी0डी0एस0 बेगूसराय को सूचनार्थ एवं इस आदेश का अनुपालन कराने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभाग, बेगूसराय/सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बेगूसराय जिला/सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बेगूसराय जिला को सूचनार्थ एवं इस आदेश का अनुपालन कराने हेतु प्रेषित।

COURT OF THE DISTRICT MAGISTRATE ★ BEGUSARAI, BIHAR ★

जिला दण्डाधिकारी,
बेगूसराय।

2025010